प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

26.09.2024/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/09.20 बजे

पीएम–मेक इन इंडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया पहल के दस वर्ष पूरे होने का स्वागत किया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेक इन इंडिया भारत को विनिर्माण और नवाचार शक्ति केंद्र बनाने के एक सौ चालीस करोड भारतीयों के सामूहिक संकल्प का उदाहरण है। उन्होंने इस आंदोलन को सफल बनाने में अथक प्रयास कर रहे सभी लोगों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया को प्रोत्साहन देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरायी है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निर्यात में वृद्धि और क्षमता निर्माण उल्लेखनीय है, इससे अर्थव्यंवस्था को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि सुधारों के लिए प्रयास जारी रहेंगे और साथ मिलकर हम आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेंगे।

भाजपा प्रदर्शनी

केंद्र सरकार के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रदेश भाजपा द्वारा आज से शिमला में तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर ने बताया की केन्द्र की मोदी सरकार की सचित्र प्रदर्शनी शिमला के मॉल रोड़ स्थित रोटरी क्लब में लगाई जा रही है जिसका शुभारंभ आज नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर , प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल और प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन द्वारा किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में आमजन को चित्रों के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियों के बारे में अवगत करवाया जाएगा।

भर्ती

पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों के लिए कल 27 सितंबर को भर्ती मेले का आयोजन हमीरपुर में किया जा रहा है। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा ने यह जानकारी देते हुए कहा कि भर्ती मेले में तीन निजी कंपनियों के लिए 600 गेटमैनों सहित अन्य पदों पर भर्तियां होनी हैं जिन्हें भारत के विभिन्न रेलवे स्टेशनों में तैनात किया जाएगा।

इसी प्रकार श्रम, रोजगार व विदेशी नियोजन विभाग द्वारा सिरमौर जिला की तहसील कमरऊ के कफोटा में भी 29 सितम्बर को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त सुमित खिम्टा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 65 निजी कम्पनियां युवाओं को विभिन्न पदो ंके लिए नियुक्ति देगी।

कार्यशाला

आपदा जोखिम न्यूनीकरण व आपदा जोखिम से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी द्वारा करसोग में समर्थ कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में करसोग उपमंडल में आपदा प्रबंधन के लिए गठित पंचायत स्तरीय टास्क फोर्स के लगभग 60 स्वयंसेवकों को आपदा से निपटने के गुर सिखाए गए। कार्यशाला में करसोग के उपमंडलाधिकारी राजकुमार ने कहा कि लोगों को जागरूक व प्रशिक्षित करके ही प्राकृतिक आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में बीती रात से भारी वर्षा का क्रम जारी है। सिरमौर जिला के पांवटा साहिब उपमंडल में भारी बारिश के चलते आज सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। गिरि नदी में जल स्तर बढ़ने के कारण गिरि–जटोन बांध के गेट खोल दिए गए हैं। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा ने नदी के साथ लगने वाले सभी मैदानी इलाकों में लोगों से अलर्ट रहने की अपील की है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 6 जिलों कांगड़ा, चंबा, मंडी, हमीरपुर, सिरमौर और सोलन के अनेकों क्षेत्रों में आज अंधड़ व मेघगर्जन के साथ भारी वर्षा की संभावना जताई है।

और अब सुर्खिया समाचार पत्रों से ....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** ने शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के हवाले से लिखा है **हिमाचल में भी अब रेस्तरां–ढाबों पर मालिक का नाम लिखना होगा जरूरी। आपका फैसला** के शब्द हैं **हिमाचल में भी हर भोजनालय और रेहड़ी पर लगेगी मालिक की आई डी।**

पंजाब केसरी ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के हवाले से लिखा है **हिमाचल की पवित्रता हिमाचलियों से, बाहर वाले इसे ऐशगाह न बनाएं।**

पांच आईएएस बदले, तीन आईपीएस को दी तैनाती हिमाचल दस्तक की एक खबर है।

प्रदेश में प्री–प्राइमरी कक्षाओं को पढ़ाने के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षकों की भर्ती संबंधी खबर को **दैनिक जागरण** ने शीर्षक दिया है **6 हजार 2 सौ 97 शिक्षक होंगे भर्ती, दो साल का डिप्लोमा होगा अनिवार्य।**

हिमाचल में अपना रोजगार करने वाले हर महीने 9 हजार 5 सौ 74 रूपए कमा रहे , शीर्षक से दैनिक भास्कर पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के हवाले से लिखता है कि ये देश में सबसे कम आय।

हिमाचल के 270 सीमांत गांवों के विकास को केंद्र से सौगात शीर्षक से **दिव्य हिमाचल** ने खबर दी है प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम योजना में शामिल किए जाने से खुलेंगे तरक्की के द्वार।